गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) :(क) से (ग) प्रसार भारती की स्थापना से सम्बद्ध तारीख को औपचारिक रूप से अधिसूचित करने से पहले सभी पक्षों से परामर्श करना जरूरी समझा गया है ताकि वर्तमान घटनाओं के संदर्भ में यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसकी स्थापना राष्ट्रीय हित में है।

चण्डीगढ़ केन्द्र में आकाशवाणी के भूतपूर्व निदेशक की हत्या

568. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन परिस्थितियों के अंतर्गत आकाशवाणी, चण्डीगढ़ स्टेशन के तत्कालीन निदेशक, श्री राजेन्द्र कुमार तालिब, की हत्या की गई ;

(ख) क्या उनको पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की गई थी; और

(ग) अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) :(क) से (ग) 6 दिसम्बर, 1990 को प्रातः 9.50 बजे जब श्री राजेन्द्र कुमार तालिब, केन्द्र निदेशक, आल इंडिया रेडियो, अपने पुत्र और अपने निजी सुरक्षा अधिकारी के साथ जब अपने घर के सामने वाले मैदान में बैठे हुए थे तो दो युवक उनसे मिलने आए। उनमें से एक युवक ने अपनी पिस्तौल से 3 राउंड फायर किए जिसमें से दो राउंड श्री राजेन्द्र कुमार तालिब को लगे। तत्पश्चात्, दोनों युवक भाग गए। जब श्री तालिब को हस्पताल ले जाया गया तब उनको मृत बताया गया। पंजाब सरकार के संघ शासित क्षेत्र के प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार दो संदिग्ध व्यक्तियों को, जिन्होंने अपराध किया है, पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

स्वर्गीय श्री तालिब के लिए आल इंडिया रेडियो स्टेशन, चण्डीगढ़, में एक गार्ड तैनात किया गया था जो उनके कार्यालय में उनकी सुरक्षा करता था और इसके अतिरिक्त एक निजी सुरक्षा अधिकारी भी उपलब्ध कराया गया था।

Production capacity of Maruti Udyos Ltd.

569. SHRI SHANKAR DAYAL SINGH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the production capacity of Maruti Udyog Ltd. at plesent;

(b) the number of people who have booked -various types cars with Maruti udyog recenty; and

(c) whether export of vehicles have also started and if so. the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI KAMAL MORARKA); (a) Against the installed capacity of 1,00,000 vehicles a year, Maruti Udyog Limited is expected to produce upto 1,30,000 vehicles a year.

(b) As on 23-12-90 the number of pending bookings for various Maruti vehicles are indicated below:—

Maruti 800 Standard	18193
Maruti 800 AC	4425
Omni	4167
Gypsy	699
1000 cc Car	24284
1000 cc Deluxe Model (To be sold in foreign currency)	10375